# आयुक्त ने पीएम आवास के हितग्राहियों से यथाशीघ्र निर्माण हेतु किए चर्चा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रं. 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के रूके हुए लिंटेल, फाउन्डेशन एवं रूफ के घरों का निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर खुर्सीपार में आनंद मसीह, कृष्ण दत्त पाण्डेय, राम प्रसाद द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। हितग्राहियों से मिलकर जानकारी प्राप्त किये और मकानों को अति शीध्र पूर्ण करने कहा गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के हितग्राहियो के घरों का अवलोकन किया गया। हितग्राही राम कुमार साहू, रानी बाई साहू, निर्मला देवी एवं मंगलहीन बाई को बताया गया कि भवन अनुज्ञा प्राप्त होने पश्चात घर के सामने 3.5 मीटर रोड के लिए जगह रिक्त रखते हुए मकान का निर्माण किया जावे। घर के सामने का जगह आवागमन के लिए छोड़ा जावे, जिससे आने वाले समय में राहगिरो को परेशानी न हो। सभी बातों को ध्यान रखते हुए शीध्र मकान निर्माण का कार्य चालू करने कहा गया। समीपस्थ निर्माणाधीन सीवरेज लाईन का निरीक्षण किया गया, संबंधित जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा को निर्देशित किया गया कि इस बात का ध्यान रखा जावे कि बरसात का पानी गढढे में न भरे। पानी भरने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इस हेतु कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, वेंकट, किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, सर्वेयर आदि उपस्थित रहे।

